# हीट वेव से बचाव के लिए जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी, सतर्कता बरतने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि उ. प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हीट वेव/लू से बचाव हेतु जनहित में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि हीट वेव/लू से बचने के लिए प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान दें, अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तब भी, हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप के चश्में, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें, अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं, ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणो जैसे कमजोरी, चक्कर आना,


अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी रामपुर

सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें, यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें, जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें तथा उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें, अपने घरों, को ठण्डा रखे, पर्दे दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें, पंखे गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा अधिक गर्मी लगने पर बारम्बार स्नान करें, कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें, कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें, श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करने/कराने का प्रयास करें, घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढायें, गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि हीट वेव/लू से बचाव हेतु बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़ें, दोपहर 12 बजे से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें, गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़ें न पहनें, जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें, अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोई वाले स्थान को ठण्डा करने के लिये दरवाजे तथा खिड़कियां खोल दें, शराब, चाय, काफी, कार्बोनेटडे साफ्ट ड्रिंक आदि के उपयोग करने से बचें क्योंकि यह शरीर में निर्जलीकरण करता हैं।

# तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, नकदी और जेवर भी ले गई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** बेगमाबाद गांव की एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला घर से 20 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और कपड़े भी ले गई। मामले में पीड़ित पति ने मिलक कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पति ने बताया कि सोमवार को वह खेत पर काम करने गया था। दोपहर में पत्नी ने बच्चों की दवाई लेने मिलक जाने की बात कही थी। शाम को घर लौटने पर पत्नी घर से गायब मिली, जबकि तीनों बच्चे आंगन में खेल रहे थे। तलाश करने पर कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में घर से नकदी और जेवर गायब मिले। मंगलवार को पता चला कि पिपला शिवनगर निवासी एक युवक महिला को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वृद्धावस्था पेंशन योजना में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल, 70 हजार से अधिक बुजुर्गों के खातों में पहुंचे 71.76 करोड़ रुपये

**सत्यापन में 2514 मृतक और 233 अपात्र मिले, पारदर्शी छंटनी के बाद 22 हजार से अधिक नए बुजुर्गों को योजना से जोड़ा गया**

**■ समाज कल्याण विभाग की बड़ी उपलब्धि: जिले में पेंशन का एक भी आवेदन लंबित नहीं, शत-प्रतिशत खर्च हुआ आवंटित बजट**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था एवं किसान पेंशन योजना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नजीर पेश की है। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले रामपुर की भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट (मार्च 2026 तक) के अनुसार, विभाग ने योजना के तहत अपना शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में जिले के कुल 70,593 पात्र बुजुर्गों को इस पेंशन का सीधा लाभ मिल रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अहम बात यह रही कि जिले में पेंशन से जुड़ा एक भी आवेदन लंबित (पेंडिंग) नहीं है, जो प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली और जवाब. देही को पुख्ता करता है। योजना का लाभ केवल वास्तविक हकदारों तक पहुंचे, इसके लिए विभाग द्वारा सघन सत्यापन अभियान चलाया गया। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 को जिले में कुल 50,495 लाभार्थी पंजीकृत थे। इन सभी खातों का मासान्त तक कड़ाई से सत्यापन किया गया।

जांच के दौरान यह सामने आया कि 2,514 पेंशनभोगी मृतक हो चुके हैं, जबकि 233 लोग योजना के मानकों के अनुसार अपात्र थे। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन कुल 2,747 लोगों के नाम लाभार्थी सूची से हटा दिए, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग पर पूरी तरह से रोक लग सकी। अपात्रों की छंटनी करने के साथ-साथ चालू वित्तीय वर्ष के दौरान नए हकदारों को उनका अधिकार दिलाने का काम भी तेजी से हुआ। विभाग ने सघन अभियान चलाकर 22,845 नए बुजुर्गों को चिन्हित किया और उनकी पेंशन स्वीकृत की।

पुरानी सूची से अपात्रों को हटाने और नए लाभार्थियों को जोड़ने के बाद अब रामपुर जिले में कुल पेंशनधारकों का आंकड़ा 70,593 तक पहुंच गया है। बुजुर्गों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए उपलब्ध धनराशि को समयबद्ध तरीके से किश्तों में बांटा गया। आंकड़ों के अनुसार प्रथम किश्त का लाभ 60,495 लाभार्थियों को मिला। इसी तरह द्वितीय किश्त 60,219, तृतीय किश्त 61,309 और चतुर्थ किश्त 54,113 लाभार्थियों के खातों में सफलतापूर्वक ट्रांसफर की गई। विभाग द्वारा योजना के लिए मांगी गई 7176.66 लाख रुपये की वांछित धनराशि पूरी तरह से प्राप्त हुई और उसका 100 प्रतिशत सदुपयोग कर लिया गया। व्यय प्रतिशत और भौतिक प्रगति, दोनों ही पैमानों पर 100 प्रतिशत का आंकड़ा विभाग की सफलता की गवाही दे रहा है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के हर पात्र बुजुर्ग तक वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग को स्पष्ट निर्देश थे कि सत्यापन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, ताकि सरक. ारी धन किसी अपात्र तक न पहुंचे और कोई वास्तविक हकदार वंचित न रहे।

शून्य पेंडेंसी (लंबित आवेदन) और शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति इस बात का प्रमाण है कि योजना का क्रियान्वयन पूरी ईमानदारी और तेजी से किया गया है।

# बढ़ती गर्मी में समाजसेवियों ने बांटा शरबत



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** क्षेत्र के ग्राम मित्तरपुर अहरौला में बढ़ती गर्मी को देखते हुए समा. जसेवियों द्वारा राहगीरों और ग्रामीणों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में आमिल पठान, एफजेड पठान, फैज खान, कैफ पठान, डॉ. गोस मोहम्मद खान, बब्बू शरीफ पठान, साहिल पठान और अनस पठान सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया और समाजसेवियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। आयोजकों ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर गांव के अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकश घायल होकर गिरफ्तार, तमंचा व पशु काटने के उपकरण बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली मिलक पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक गौकश अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए। मौके से अवैध तमंचा, कारतूस, पशु काटने के उपकरण और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार के नेतृत्व में 26 मई की रात पुलिस टीम गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ गौकश तिराह गांव के पास जंगल क्षेत्र में गौवंशीय पशुओं को बांधकर रात्रि में उनका वध करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने सिंगरा गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक युवक काली अपाचे मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस ने टॉर्च



की रोशनी डालकर उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा। इसी दौरान मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त इस्लाम पुत्र नईम निवासी बजरिया खानसामा थाना गंज, रामपुर के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक नाल में फंसा खोखा कारतूस, पशु काटने के उपकरण तथा काली रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में इस्लाम समेत भूरा पुत्र अल्लन निवासी भैसोडी थाना मिलक तथा हामिद पुत्र मैंसर निवासी नसीराबाद थाना मिलक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने पर प्रधान संघ ने जताया सरकार का आभार

(सुहैल मियॉं)
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** ब्लाक सभागार में अखिल भारतीय प्रधान संघ के सदस्यों द्वारा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया गया। ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 6 महीने बढ़ाए जाने के फैसले के बाद स्वार ब्लॉक में प्रधान संघ का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रधान एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चमरौआ विधानसभा के पूर्व विधायक अली युसूफ अली ने की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जितना विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बिजली ,शौचालय का निर्माण आदि योजनाओं का कार्य हुआ है, उतना किसी अन्य सरकार में नहीं हुआ। पूर्व विधायक अली युसूफ अली ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी



योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी बात रखते हुए मुस्लिम समाज से एकजुट रहने की अपील की और उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए इसे पंचायत प्रतिनिधियों के हित में बताया है।इस दौरान जिला अध्यक्ष मलकीत सिंह,जिला महासचिव इरफान अली एड, नत्था राम,अवतार सिंह,महमूद सैफी, नाजिम अली, चंचल सिंह, शब्बीर अंसारी, ताहिर अली,प्रेम सिंह, हामिद अली, अखलाक अली, साजिद अली, शमशाद पाशा, अकरम हुसैन, आदि मौजूद रहे।

# सैफनी में बकरीद की रौनक: आज अदा होगी ईद-उल-अजहा की नमाज, कुर्बानी और अमन की दुआएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में बकरीद (ईद-उल-अजहा) को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष बकरीद 28 मई 2026 को मनाई जाएगी। जिल हिज्जा का चांद दिखाई देने के बाद त्योहार की तारीख तय हुई, जिसके चलते मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल है। बाजारों में खरीदारी बढ़ गई है और लोग कुर्बानी के लिए जानवरों की तैयारी में जुटे हैं। बताया गया सऊदी अरब में चांद एक दिन पहले नजर आने के कारण वहां बकरीद 27मई को मनाई जा रही है। ईद-उल-अजहा का त्योहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी और आज्ञाकारिता की याद में मनाया जाता है। मान्यता है कि हजरत इब्राहीम ने अल्लाह की राह में अपने पुत्र की कुर्बानी देने का संकल्प लिया था। इसी याद में मुसलमान अल्लाह की रजा के लिए जानवरों की कुर्बानी देते हैं और अपने समर्पण का इजहार करते हैं। कुर्बानी के बाद मांस को तीन हिस्सों में बांटने की परंपरा निभाई जाती है। एक हिस्सा गरीब और जरूरतमंद लोगों को, दूसरा रिश्तेदारों व दोस्तों को और तीसरा अपने परिवार के लिए रखा जाता है। बकरीद पर बकरा, भेड़ और ऊंट की कुर्बानी दी जाती है। शहर इमाम कारी अतिकुर्रहमान ने बताया कि पूरे देश में एक साथ ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। उन्होंने लोगों से भाईचारे, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि त्योहार के मौके पर देश की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की जाएंगी। बकरीद को लेकर मस्जिदों और ईदगाहों में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का काम भी तेज कर दिया गया है। प्रशासन भी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सतर्क नजर आ रहा है।

# सवारी बैठाने को लेकर टेंपो चालकों में मारपीट, एक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** बिलारी चौराहे पर बुधवार शाम सवारी बैठाने को लेकर दो टेंपो चालकों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव अल्फगंज थाना सैफनी निवासी राकेश पुत्र हरपाल (40) शाहबाद के बिलारी चौराहे पर टेंपो चलाता है। बुधवार शाम सवारी बैठाने को लेकर उसका दूसरे अज्ञात टेंपो चालक से विवाद हो गया। आरा. ेप है कि विवाद के दौरान दूसरे चालक ने राकेश के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल राकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# हाउस टैक्स वृद्धि और बापू मॉल शुरू कराने की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचा और नगर पालिका परिषद द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स के विरोध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों और आवासीय मकानों पर मनमाने ढंग से 50 गुना तक हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स के नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे आम जनता और व्यापारी वर्ग में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल कई बार नगर पालिका ईओ, पालिका अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुका है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। शहर में कारोबार पहले से प्रभावित है और ऐसे में टैक्स वृद्धि जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है।



नीतीश अग्रवाल ने 24 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से तैयार बापू मॉल को जल्द शुरू कराने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि 13 वर्षों से तैयार होने के बावजूद मॉल शुरू नहीं हो सका, जिससे शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। बापू मॉल में 400 से अधिक दुकानों का आवंटन नहीं हो पाने से फुटकर व्यापारी सड़क किनारे और चबूतरों पर धूप में कारोबार करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद के 45 वार्डों के सभासदों को जनता के हित में आगे आकर बढ़े हुए टैक्स का विरोध करना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, प्रदेश मंत्री पप्पू खां, प्रदेश प्रचार मंत्री फहीम अहमद, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, जिला सचिव मिलन सक्सेना, जिला संगठन मंत्री गोपाल शर्मा, नासिर लाला, बाबू खान, नजाकत अली और प्रवीण गुर्जर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शव को हाईवे पर रखकर लगाया जाम, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हटाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** वाहन चेकिंग के दौरान वचकर भागे और हादसे में मारे गए सर्वेश का शव पोस्टमार्टम के बाद मिलक पहुंचते ही परिजनों ने बवाल कर दिया। गुस्साए परिजनों ने शव को एंबुलेंस से निकालकर कोतवाली गेट के सामने हाईवे पर रख दिया और जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे हाईवे जाम की सूचना मिलते ही सीओ मिलक राजवीर सिंह परिहार और कोतवाल मनीराम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन परिजन व रिश्तेदार मानने को तैयार नहीं थे। परिजनों की मांग थी कि वाहन चेकिंग कर रही ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। हाईवे पर जाम से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। काफी समझाने के बाद भी जब परिजन नहीं हटे तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम खुलवाया। इस दौरान पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाली प्रभारी मनीराम सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हाईवे जाम करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खेत पर गए माता-पिता, घर से लापता हुई किशोरी, युवक समेत परिवार पर अपहरण का आरोप

शाह टाइम्स संवददाता

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मडैयान झाऊ में एक 17 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता होने से परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित पिता ने सैफनी थाने में तहरीर देकर मोहल्ला मझरा निवासी युवक समेत उसके परिवार पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

ग्राम मडैयान झाऊ निवासी राजवीर पुत्र गिरन्ध के अनुसार, 15 मई 2026 को वह अपनी पत्नी कविता के साथ खेत पर काम करने गए थे। घर पर उनकी 17 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान सैफनी के मोहल्ला मझरा निवासी अनिकेत पुत्र महावीर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

परिजनों को शाम करीब पांच बजे घर लौटने पर बेटी के गायब होने की जानकारी हुई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

पीड़ित पिता का आरोप है कि घटना में आरोपी युवक के भाई कन्हैया और गब्बर के अलावा उसकी मां कमलेश और पिता महावीर की भी भूमिका है।

पीड़ित ने 26 मई 2026 को थाना सैफनी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बेटी की बरामदगी की मांग की थी जिसपर पुलिस ने एक अभियुक्त पर मुक. दमा दर्ज कर कार्यबाही की है मामले को लेकर परिवार में चिंता और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु अवकाश घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने अत्यधिक गर्मी एवं बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों हेतु दिनांक 15 जून, 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थिति नहीं होगी। बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं अपने-अपने केन्द्रों पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों का निर्वहन करेंगी। उनके द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर नियमित कार्य, लाभार्थियों का आधार सत्यापन, वजन मापन, गृह भ्रमण, समुदाय आधारित गतिविधियां एवं अन्य शासकीय कार्य पूर्ववत संचा. लित किए जाएंगे।

# शाहबाद को रेल लाइन से जोड़ने की मांग, प्रधानमंत्री को खून लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी शाहबाद क्षेत्र रेल सुविधा से वंचित है, जिसके लिए समा. जसेवी रशीद अल्वी ने एक अनूठा और भावुक कदम उठाया है। उन्होंने क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री को अपने खून से पत्र लिखकर रेल लाइन बिछाने की गुहार लगाई है। रशीद अल्वी का कहना है कि रेल सुविधा न होने के कारण क्षेत्र के लोगों, विशेषकर मजदूरों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले हैं। अब जनता का धैर्य जवाब दे गया है,



इसलिए मजबूरन उन्हें खून से पत्र लिखकर सरकार को इस उपेक्षा के प्रति जगाने का प्रयास करना पड़ा है। इस कदम ने स्थानीय स्तर पर रेल लाइन की



मांग को फिर से तेज कर दिया है और प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।

# बिजली बिल के विवाद में बवाल, महिला ने सास-ससुर समेत छह लोगों पर मारपीट का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में बिजली के बिल को लेकर शुरू हुआ पारिवारिक विवाद मारपीट तक पहुंच गया। पीड़िता ने सास, ससुर और देव. रों समेत परिवार के छह लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम करनपुर निवासी यासमीन पत्नी यूनुस ने थाना सैफनी में दी तहरीर में बताया कि उसके पति चार भाइयों में सबसे बड़े हैं और वह अलग रहकर अपना खर्च चलाते हैं। खाना भी अलग बनता है, लेकिन पूरे घर का बिजली कनेक्शन एक ही है। हाल ही में करीब छह हजार रुपये का बिजली बिल आने पर उसकी सास तस्वीरन उससे आधा बिल जमा करने का दबाव बना रही थी।पीड़िता का कहना है कि उसके घर में केवल एक कूलर और एक बल्ब चलता है, जबकि अन्य परिवारजन समरसेबल, कई पंखे, कूलर और चार्जिंग स्कूटी तक इस्तेमाल करते हैं।

इसी वजह से वह अपने उपयोग के हिसाब से केवल चौथाई हिस्सा देने की बात कह रही थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर सास तस्वीरन, ससुर ताहिर हुसैन, ननद किशमत और देवर आरिफ, सोहिल व जावेर एकजुट होकर लाठी-डंडे लेकर आ गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला ने आरा. ेप लगाया कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति अक्सर घर से बाहर रहता है, जिसके चलते उसे अपनी जान-माल का खतरा महसूस हो रहा है। महिला ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सैफनी में फर्जी क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग का छापा, सील तोड़कर इलाज करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** नगर में बिना पंजीकरण चल रहे क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो संचालकों के खिलाफ थाना सैफनी में तहरीर दी है। विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया कि शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आलम फैक्चर क्लीनिक सैफनी तथा इंतिजार अली खरसोल के क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संचालक आलम मौके पर मौजूद नहीं मिला। जांच में सामने आया कि क्लीनिक का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कोई वैध पंजीकरण नहीं था।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उक्त क्लीनिक को पहले सील किया गया था, लेकिन आरोप है कि सील तोड़कर दोबारा मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया।

मामले को गंभीर मानते हुए विभाग ने संचालक आलम पुत्र नामालूम और इंतिजार अंली पुत्र नामालूम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना सैफनी में तहरीर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बिना लाइसेंस और नियमों के विरुद्ध इलाज करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि मरीजों की जान से खिलवाड़ न हो सके।

कार्रवाई करने वाली टीम में कनिष्ठ सहायक सचिन कुमार, मोहम्मद आजम, ब्रिजेश कुमार वाहन चालक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

